सेवा में, दिनांक: 28.03.2026

अभियंता महोदय

जिला पंचायत, सहारनपुर

उत्तर प्रदेश

विषय: मानचित्र स्वीकृति पत्र की शर्त संख्या-02 के संबंध में स्पष्टीकरण प्रदान किये जाने बाबत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि Lumora Estates Private Limited द्वारा विकसित प्रस्तावित रियल एस्टेट परियोजना “AVACASA” हेतु ग्राम बदकला, तहसील बेहट, जनपद सहारनपुर स्थित भूमि के संबंध में आपके कार्यालय द्वारा मानचित्र स्वीकृति / अनुज्ञा पत्र दिनांक 20.03.2026 जारी किया गया है।

उक्त अनुज्ञा पत्र में उल्लिखित शर्त संख्या-02 में यह उल्लेखित है कि यदि प्रस्तावित ले-आउट / मानचित्र से संबंधित भूमि के स्वामित्व अथवा अन्य विभागों जैसे भू-अर्जन, नजूल, ग्राम समाज, चकबंदी, लोक निर्माण विभाग अथवा राजस्व विभाग से संबंधित किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो स्वीकृत मानचित्र स्वतः निरस्त माना जाएगा।

वर्तमान में उपरोक्त परियोजना के उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (UP-RERA) में पंजीकरण की प्रक्रिया प्रचलित है, जिसके अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा उक्त शर्त संख्या-02 के संबंध में विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि कृपया अनुज्ञा पत्र की शर्त संख्या-02 का अभिप्राय / विस्तृत अर्थ स्पष्ट करने का कष्ट करें, साथ ही यह भी अवगत कराने की कृपा करें कि—

1. उक्त शर्त का प्रशासनिक अभिप्राय क्या है।

2. क्या यह शर्त सामान्य रूप से सभी मानचित्र स्वीकृतियों में लागू की जाने वाली मानक शर्त है।

3. क्या वर्तमान परियोजना की भूमि के संबंध में किसी विभागीय विवाद / आपत्ति की जानकारी आपके कार्यालय के अभिलेखों में विद्यमान है अथवा नहीं।

आपके द्वारा प्रदान किया गया स्पष्टीकरण हमें प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने में सहायक होगा। अतः निवेदन है कि कृपया उपरोक्त विषय में आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करने की कृपा करें।

भवदीय,

For Lumora Estates Pvt. Ltd.

For LUMORA ESTATES PRIVATE LIMITED

Director's

Director

Himanshu Tyagi

कार्यालय जिला पंचायत सहारनपुर

पत्रांक 4174 /जि0पं0/मानचित्र/2025–26 दिनांक 30-3-2026

लुमोरा स्टेट्स प्रा0लि0
डायरेक्टर श्री हिमांशु त्यागी

विषयः– **मानचित्र स्वीकृति पत्र की शर्त संख्या–02 के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रदान किये जाने बाबत।**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र दिनांक 28.03.2026 जिसमें विकसित रियल एस्टेट परियोजना "AVACASA" हेतु ग्राम बडकला तहसील बेहट जनपद सहारनपुर स्थित भूमि के सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा मानचित्र स्वीकृति/अनुज्ञा–पत्र दिनांक 20.03.2026 जारी किया गया है। के सम्बन्ध में बिन्दुवार स्थिति निम्नवत्त् है।

1–उक्त शर्त का प्रशासनिक तात्पर्य यह है कि यदि भविष्य में भूमि से सम्बन्धित किसी भी कारणों को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है या विवाद पाया जाता है तो जिला पंचायत सहारनपुर इसके लिए उत्तरदायी नही है। केवल विकासकर्ता ही भूमि के विवाद हेतु उत्तरदायी होगें।

2–हॉ, यह शर्त सामान्य रूप से सभी मानचित्र स्वीकृतियों में लागू की जाने वाली मानक शर्त है।

3–वर्तमान में परियोजना की भूमि के सम्बन्ध में किसी विभागीय/आपत्ति की जानकारी विकासकर्ताओं द्वारा जमा कराये गये भूमि से सम्बन्धित अभिलेखों में विद्यमान नही है।

अभियन्ता
जिला पंचायत,सहारनपुर

Scanned with OKEN Scanner